हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



## खबर संक्षेप

### आदित्य और उमंग वैष्णव का सुयश




**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम सड़क अतरिया में शनिवार को स्थानीय कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा तीन में आदित्य वैष्णव ने 91 प्रतिशत एवं उमंग वैष्णव 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के शिक्षक, माता पिता एवं मित्रों ने बधाई दिया है।

### रेंगाकठेरा में अवैध ईंट भट्टे का संचालन

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में अवैध ईंट-भट्ठा संचालन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ईंट-भट्ठा बिना अनुमति के चल रहा है। भट्ठा संचालक द्वारा पर्यावरण नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे आसपास के खेतों और वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। धुएं और प्रदूषण के कारण लोगों को सांस संबंधी समस्या होने लगी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कर भट्ठा के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है।



### शराब दुकान खोलने की मांग

**डोंगरगढ़।** जामरी और आसपास के गांव में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। लंबे समय से गांव में अवैध शराब बिक रहा है, जिससे न सिर्फ माहौल बिगड़ रहा है बल्कि युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। समस्या से निजात पाने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण गत दिनों एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री, आबकारी मंत्री, कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए गांव में शासकीय शराब दुकान खोलने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सरकारी शराब दुकान खोली जाती है, तो अवैध शराब बेचने वालों पर लगाम लगेगी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांग पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।



### गांव तक पहुंचा मन की बात का संदेश

**छुरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133 वें संस्करण का श्रवण भाजपा मंडल कुमर्दा अंतर्गत खुर्सीटीकुल में सामूहिक रूप से किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव की उपस्थिति रही। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस अवसर पर हिरदे राम देवांगन, कोमल सिन्हा, गोपाल साहू, भारती देवांगन, चित्ररेखा साहू, संतोष साहू, योगेश पटेल, ओमकार मानकर, गुरिंद्र देवांगन, अशोक मानकर, नेहा यादव, लिलेश्वर पिस्दा, कीर्ति मानकर सहित अन्य उपस्थित थे।



### चैम्पियनशिप में बच्चों ने मारी बाजी

**डोंगरगढ़।** फोर्थ छत्तीसगढ़ स्टेट कुड़ो चौंपियनशिप कप का आयोजन गत दिनों स्वामी विवेकानंद सभागृह दुर्ग में किया गया, जिसमें 15 जिले के 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राइस अकैडमी एवं अछोली के दुष्यंत पंन्द्रे ने गोल्ड मेडल, नंदिता समुंद्रे ने सिल्वर मेडल, श्रेयांश बॉम्बेश्वर ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इन बच्चों की उपलब्धि पर अकादमी के कोच मुकेश साहू, सरपंच नंदकुमार साहू ने बधाई दी है।




### जयंत बने जिला भाजयुमो के उपाध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** भाजयुमो ने सक्रिय कार्यशैली का सम्मान करते हुए पूर्व जिला मंत्री जयंत साहू को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने के उपरांत कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और आतिशबाजी के साथ अभिनंदन किया। श्री साहू ने युवा शक्ति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए संकल्प लिया कि वह नवीन ऊर्जा के साथ सेवा के पथ पर सक्रिय रहेंगे।

### बच्चों के स्वास्थ्य की जांच

**डोंगरगढ़।** आयुष स्पेशलाइज्ड थैरेपी सेंटर एवं होम्योपैथी औषधालय ने पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पीएम श्री नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुर्वेद एवं होम्योपैथी के दृष्टिकोण से सर्वांगीण विकास के लिए संतुलित आहार और उचित पोषण की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पौष्टिक भोजन करने और कुपोषण से बचाव के उपायों के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री सिंह, डॉ. मनोज राय, डॉ. देहुती, नर्स गजभिए, डॉ. शोबी खान, डॉ. आलोक कलचुरी शामिल हुए।




### विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस कार्यकर्ता सन्नी भाटिया की माता के देहांत पश्चात विधायक ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर नवाज खान, हरीश भंडारी, विजय राज चौहान, बब्बू भाटिया, संजीव गुप्ता, सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

---

गर्मी बढ़ने के साथ वनांचल में गहराया जल संकट, कुएं और हैंडपंप सूखे

# पानी की टंकियां अपूर्ण, नलों से नहीं आ रहा पानी, वनांचल के ग्रामीण हुए बेहाल

## महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

औंधी क्षेत्र में महत्वाकांक्षी नल-जल योजना सरकारी लापरवाही की उदाहरण बन गई है। गर्मी में जहां लोग पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं, वहीं योजना के तहत बनाई जा रही दर्जनों पानी टंकी के अधूरे ढांचे सिस्टम का मजाक उड़ा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नवागांव, सरखेड़ा, मेड़ा खुर्द में पानी टंकियां बन तो गईं है। गांव-गांव पाइप लाइन भी बिछा दिया गया है। लोगों के घर नल कनेक्शन जोड़ दिए गए है लेकिन हालत यह है कि नलों से पानी की बूंद नहीं आ रही है। वहीं सेम्हर बांधा, बड़गांव, गुड़ारास, सालेभट्टी, राजकट्टा सहित दर्जनों गांवों में पानी टंकी का निर्माण सालों से अधूरा है। लोहे की सरिया में जंग लगने लगी है तो सीमेंट का ढांचे धूल खा रहा है। विभाग के अधिकारी फाइलों में योजना को पूरी होना बता रहे हैं।





### अधूरे ढांचे खोल रहे सिस्टम की पोल

जिन टंकियों से ग्रामीणों की प्यास बुझनी थी, वह प्रशासन की असफलता की पोल खोल रही हैं। निर्माण स्थल पर न मजदूर दिखाई देते हैं और न कोई काम होता नजर आता है। मौके पर सिर्फ अधूरा ढांचा और ग्रामीणों की नाराजगी दिखाई देती है।

**करोड़ों खर्च, फिर भी जनता प्यास से बेहाल**

करोड़ों रुपए खर्च कर टंकी बनाने के साथ पाइप लाइन बिछा दिया गया है। घर-घर नल लगा दिए गए तो सवाल यह है कि आखिर पानी कहां गया। स्थिति को देखकर कहा जा सकता है कि योजना सिर्फ कागजों में पूरी हो गई है। ठेकेदारों को भुगतान कर अधिकारियों ने योजना की सच्चाई से मुंह फेर लिया है जिसका खामियाजा गर्मी के दिनों में अंचल के लोगों को भोगना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही कुएं-हैंडपंप जवाब दे रहे हैं। महिलाएं दूर से पानी ढोने मजबूर हैं।


### किसानों की जिद ने बढ़ाई परेशानी

**डोंगरगढ़।** रबी सीजन में धान की खेती करने से जल संकट गहराने लगा है। ग्राम बरनाराकला में हालात चिंताजनक होते जा रही है। यहां पानी की कमी साफ नजर आने लगी है। गांव का तालाब सूख चुका है। ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए पानी जुटाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गांव से कुछ दूरी पर धान की फसल लहलहा रही है, जिससे पानी के लगातार उपयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल कई किसान दो फसल लेते हैं। जलस्तर गिरने के बाद भी कुछ किसानों ने धान की बुवाई कर दी है जिससे भू-जल पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। पनियाजोब डैम से पानी छोड़ने के बाद भी स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है।



### टंकी में लीकेज, मोटर खराब

**डोंगरगढ़।** महाराष्ट्र सीमा से लगे बोरतलाव में जल संकट दिनों दिन गंभीर होते जा रहा है। करीब 6000 से अधिक आबादी वाले इस गांव में जल जीवन मिशन योजना की स्थिति बेहद खराब नजर आ रही है। गांव में थाने के पास बनाई गई टँकी से पानी का लीकेज हो रहा है। गांव में पाइपलाइन बिछाने का काम तीन साल से अधूरा है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सीसी सड़कों की मरम्मत नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अधूरे निर्माण के बीच कुछ मोहल्लों और टोलों में पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई है, लेकिन कई घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। चौकी टोला में बनी टंकी में लगी मोटर दो महीनों से खराब है, जिसके चलते लोगों को बोरिंग के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गांव में मौजूद 42 बोरिंग में से केवल 25 ही चालू हैं। बाकी में पीने योग्य पानी नहीं मिल रहा। रामजीटोला, गांधीनगर, बैगाटोला, बोदाटोला, भाटापारा, कौआपानी और कुरेझर में जल संकट लगातार बढ़ रहा है। सरपंच कैलाश उके ने बताया कि जल जीवन मिशन की स्थिति बेहद खराब है। तीन साल बाद भी काम अधूरा है।



---

# मनेरी में कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

- प्रधानमंत्री की बातों से मिलती है नई ऊर्जा : गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मंडल भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का मनेरी में सुना। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी सहित दर्जनों कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए।



प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों की जनभागीदारी को सबसे बड़ी ताकत बताया और कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े परिवर्तन संभव हैं। पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव और स्वच्छता को लेकर चल रहे जन-आंदोलनों की सराहना की तथा नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। पीएम मोदी की बातों को श्री गांधी ने प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार युवाओं और समाज को नई ऊर्जा देते हैं। इस मौके पर रामकुमार गुप्ता, योगेश पटेल, जनकलाल साहू, ताराचंद साहू, ओंकारनाथ साहू, टीमन साहू, विष्णुराम सेन, राधेलाल यादव, चरण साहू, पालूराम साहू, मुरली राम साहू, बलीराम कोठारी, दुखूराम निषाद, जोधन साहू, चुनुराम साहू, पालू साहू, घसियाराम निषाद, मुरलीराम साहू, विनोद साहू, राजूराम साहू, शिव यादव, श्रीमती ईश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

# 2 मामलों में 7 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मुखबिर से ग्राम पुरेना में स्कूल के पास मैदान में कुछ व्यक्तियों के पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलने की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की।

पुलिस ने जीतलाल जंघेल निवासी पुरेना, लेखराम घुरवे निवासी सुराडबरी, सूर्यकांत चंदेल ग्राम खुडमुडी को पकड़ा है। आरोपिया के पास से 52 ताश पत्ती एवं फड़ नगद 2150 रुपए बरामद किया। इसी प्रकार एक अन्य स्थान पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 4 और आरोपियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा, जिसमें खेमलाल जंघेल निवासी मुरई, अजय घुरवे निवासी सुराडबरी, अजय जांगडे निवासी लंझियाटोला, मनोहर वर्मा ग्राम सुराडबरी शामिल है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश एवं नगद 2500 रुपए जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है। क्षेत्र में जुआरियों को नेवता देकर बुलाया जाता है। हर रोज लाखों का जुआ खेला जाता है। क्षेत्र ने आईपीएल सट्टा भी जोरो पर है। पान दुकान और चौक चौराहे पर युवाओं को सट्टा लगाते देखा जा सकता है ।



---

अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को खुलती है ऐतिहासिक गुफा

# मंड़ीप खोल में आज दिखेगा रहस्य व आस्था का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

साल भर से इंतजार कर रहे लोग कल सोमवार को मंड़ीप खोल गुफा का दर्शन कर पायेंगे। कल मंड़ीप खोल गुफा में रहस्य और आस्था का संगम देखने को मिलेगा। यहां कल मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा सहित अन्य जगह के शिव भक्तों सैलाब उमड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि यह गुफा अक्षय तृतीया के बाद आने वाले प्रथम सोमवार को खोला जाता है। यहां लोग शिवलिंग सहित अन्य प्रतिमा का दर्शन एवं गुफा के रहस्य का जायजा लेते हैं। कल सोमवार को सुबह से दूर दराज के लोगों का पहुंचना शुरु हो जाएगा। राज परिवार के सदस्य पुरानी परंपरा निभाते हुए कुल देवता का स्मरण कर गुफा का द्वार खोलकर प्राचीन शिवलिंग सहित अन्य देवी देवता की पूजा अर्चना करेंगें।

### प्रशासन ने किए इंतजाम

बीते दिवस जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर, सीईओ देवांगन, पुलिस अधिकारी सहित अन्य ने यहां पहुंच कर सुरक्षा एवं सुविधाओं का जायजा लिया था। विभागों को आवश्यक निर्देशित किया था।

### प्रसादी वितरण का आयोजन

कल सोमवार को मंडीपखोल गुफा आम दर्शनार्थियों के लिए खुलेगी। हजारों श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करने पहुंचेंगे। मंडीपखोल सेवा समिति ने श्रद्धालुओ के लिए प्रसादी की व्यवस्था रखा है।




**पंचायतों एवं समिति को जिम्मेदारी**

ऐतिहासिक मंड़ीप खोल गुफा का दर्शन करने पहुंचे लोगों को आवश्यक सुविधा मुहैय्या कराने के लिए मंड़ीप खोल सेवा समिति के सदस्य तैनात रहेंगे। इसके अलावा गुफा के निकटवर्ती पंचायतों को विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायत ठाकुरटोला, गर्रा, अचानकपुर, सिंगारपुर तथा देवरचा पंचायत लोगों को आवश्यक सुविधा पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### पर्यावरण बचाने की अपील

ठाकुर टोला राज परिवार के सदस्य लाल रोहित पुलस्त्य ने पर्यटकों से पर्यावरण सुरक्षा की अपील किया है। उन्होंने कहा कि गुफा घने जंगल के मध्य स्थित है। जिससे लोग यहां सावधानी पूर्वक पहुंचे। पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस धार्मिक स्थल पर नशाखोरी करना प्रतिबंधित है। यहां मदिरा पान, मांस, घी या अन्य खुशबूदार पदार्थों को प्रतिबंधित किया गया है।

### प्राचीन मंदिर में शिवलिंग की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**छुईखदान।** दुबेलिया तेली साहू समाज ग्राम इकाई कुटेली खुर्द ने गत दिनों प्राचीन शिवलिंग को नवनिर्मित मंदिर में स्थापित किया। इस दौरान समाज की महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश जंघेल, शिवकुमार साहू, शिवेंद्र त्रिपाठी, अश्वनी महराज, बृजलाल साहू, सीआर साहू, रामस्वरूप साहू, आशाराम पटेल, गंगाप्रसाद जंघेल, भागचंद वर्मा, बरातू पटेल, चमारराय साहू, परगनियाराम साहू, पूर्णानंद साहू, डॉ यशवंत साहू, खेमचंद साहू, केशव साहू, तुलसीराम साहू, भागचंद साहू, भागवत साहू, सहित साहू समाज कुटेली खुर्द के स्वजातीय सम्मिलित थे।

# केबल तार चोरी की घटनाएं बढ़ी

**पटेवा।** ग्राम में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ते जा रही है। वर्तमान में बोरवेल के केबल तार की चोरी होने की घटनाएं अधिक हो रही है।

गत 24 अप्रेल को छन्नू पाल, नीलकंठ साहू, शिवरतन धनकर के बोर का केबल तार चोरी करते नाबालिग बच्चों को पकड़ा गया, जिनकी उम्र 10 से 13 बर्ष के बीच है।

सभी बच्चे सरकारी स्कूलों में अध्ययन करते हैं। इस संबंध में ग्राम प्रमुखों के पूछने पर बच्चों ने केबल तार की चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि वह अन्य 13 स्थानों से केबल तार चोरी कर चुके हैं। इसके पूर्व नीलकंठ साहू की बाड़ी में रखे ट्रक के टायर को चोरी करते पकड़ा गया था किन्तु रिपोर्ट दर्ज कराने के बजाय छोड़ दिया गया था। इसके पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर, शंकर किराना स्टोर, नीलकंठ साहू के अलावा कई अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026




# पिकअप वाहन खाई में पलटा, उर्स से लौट रहे 12 घायल, 2 महिला की मौत

## हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार, मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आज सुबह 8 बजे के लगभग मानपुर-दल्लीराजहरा नेशनल हाईवे-930 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। खड़गांव थाना क्षेत्र के बीटेझर और पैंदुर गांव के बीच टाटा पिकअप माल वाहक के पलट जाने से घटनास्थल पर दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई वहीं वाहन में सवार 12 महिला, पुरूष व बच्चे घायल हैं। जिसमें 7 की स्थिति बेहद नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद पिकअप ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है।

उल्लेखनीय की मोहला विकासखंड के ग्राम परसघाट और मानपुर से ड्राइवर सहित 15 मुस्लिम समुदाय के महिला, पुरूष व बच्चे वाहन टाटा पिकअप में सवार होकर उर्स के कार्यक्रम में शामिल होने राजनांदगांव पारीनाला गए हुए थे। राजनांदगांव से सुबह 5 बजे देवरी-दल्लीराजहरा होते हुए वापसी के दौरान 8 बजे के बीच तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें सवार दो महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खड़गांव थाना प्रभारी संजय यादव की टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से घायल और मृतकों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी तत्परता से राहत कार्य तेजी से शुरू हो सका और तत्काल घायलों का अस्पताल पहुंचाया जा सका।

### सात लोगों की हालत नाजुक

हादसे में हाजरा बेगम 60 वर्ष व रिहाना बेगम 40 वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गई। समा खान 15 वर्ष, रशीदा बेगम 40 वर्ष, कौवससाल खान 50 वर्ष, सरदीन 11 वर्ष, तानिया 12 वर्ष, रुकसान बेगम 30 वर्ष, तानिया उर्फ धानु 12 वर्ष, शाहिदा बेगम 35 वर्ष, हरदीम खान 20 वर्ष, जाकिर खान 50 वर्ष, शेख असलम 41 वर्ष, समा असलम बानो 12 वर्ष घायल हैं। जिसमें 7 महिला, पुरूष व बच्चे शामिल हैं। जिनकी स्थिति बेहद गंभीर बताई जा रही है।



### झपकी बनी हादसे की वजह

प्राथमिक जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना का मुख्य कारण वाहन चालक को आई झपकी को माना जा रहा है। अचानक संतुलन बिगड़ने से वाहन नेशनल हाईवे के पुल को तोड़ते हुए 20 से 25 फीट गहरे खाई में पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि नई पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए। मेडिकल ऑफिसर डॉ. देवेश ठाकुर ने बताया कि खड़गांव थाना क्षेत्र में हुए एक्सीडेंट के बाद मरीजों को अस्पताल लाया गया था। जिसमें 2 की मौके पर मौत व सात मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 5 अन्य घायलों का इलाज जारी है।

## खबर संक्षेप

### शराब ले जाते गिरफ्तार 70 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 70 पौवा देशी शराब एवं बाइक बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में थाना लालबाग पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने 26 अप्रैल को मुखबीर की सूचना पर अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले आरोपी को पकड़ने हेतु बरगा में घेराबंदी कर शराब रेड कार्रवाई करते मौके पर आरोपी अजीत वैष्णव 22 वर्ष निवासी ग्राम रुवातला को पकड़ा गया तथा उसके कब्जे से कुल 70 पाव देशी शराब शोले प्लेन एवं 1 नग बाइक जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।



## परीक्षा: 24 हजार में से सिर्फ 13320 अभ्यर्थी पहुंचे

# केंद्र खोजते भटकते रहे छात्र परीक्षा देने महज 54% ही पहुंचे

### मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का हुआ आयोजन, आधे परीक्षार्थी ही हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया, लेकिन इस परीक्षा में परीक्षार्थियों की उपस्थिति कम रही। लगभग आधे परीक्षार्थी ही शामिल हुए। 99 परीक्षा केन्द्रों में 24185 विद्यार्थियों के बैठने के लिए व्यवस्था बनाई गई थी, लेकिन परीक्षा में 13320 परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही और 10865 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

व्यापम द्वारा आयोजित इस परीक्षा के लिए काफी सारे सेंटर बनाए जाने से परीक्षार्थियों को भी अपना सेंटर ढूंढने में दिक्कत हुई। परीक्षा केंद्र में कड़ी जांच पड़ताल के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए व्यापम के नियम अनुसार हाफ बांह की शर्ट, चप्पल और हल्के रंग के कपड़ों में ही प्रवेश की अनुमति दी गई। वहीं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, घड़ी, पर्स, रूमाल, टोपी सहित अनावश्यक वस्तु प्रतिबंध की गई थी।



गणित के कठिन प्रश्नों से मायूसी, कूटनीति के सवालों में उलझे परीक्षार्थी...केंद्रों में गर्मी ने भी किया हलाकान

### परीक्षार्थियों को नहीं मिला प्रवेश

मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक किया गया। परीक्षार्थियों को परीक्षा समय अवधि से पूर्व 9.30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाना था, लेकिन कई परीक्षार्थी 5-10 मिनट लेट से पहुंचे, जिन्हें प्रवेश नहीं मिल पाया। ऐसे परीक्षार्थी भी परीक्षा देने से वंचित रह गए।

### केंद्र ढूंढने में लगा समय

व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए 99 केंद्र बनाए गए थे, लेकिन इन परीक्षा केन्द्रों को ढूंढने के लिए परीक्षार्थियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रवेश पत्र में स्कूलों के वर्तमान नाम दिए गए थे। ऐसे में परीक्षार्थियों द्वारा अन्य लोगों से पूछने पर भी स्कूल का ठीक पता नहीं मिल पा रहा था। जिसके चलते परीक्षार्थियों को अपने परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में काफी वक्त लग गया।

### छत्तीसगढ़ से संबंधित प्रश्न भी लगे कठिन, दुविधा बढ़ी

मंडी उप निरीक्षक की परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थी ताराचंद पैकरा, लीना कुमारी, रागिनी लाडेकर सहित अन्य ने कहा कि राजनांदगांव से संबंधित कोई प्रश्न नहीं आया था और जो प्रश्न पूछे गए थे, वह भी काफी कठिन थे। उन्होंने कहा कि खासकर कूटनीति वाले प्रश्न काफी घुमाकर पूछे गए। जिससे उलझन हुई और गणित के प्रश्न काफी कठिन थे। परीक्षार्थियों ने कहा कि 100 अंक की परीक्षा में माइनस मार्किंग भी थी। जिसके चलते दुविधा वाले प्रश्नों को छोड़ना पड़ा।

### गर्मी से परीक्षार्थी कम

मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए शिक्षित बेरोजगारों में रूचि कम दिखाई दी। इस परीक्षा के लिए लगभग 24 हजार परीक्षार्थियों ने अपना नामांकन किया था, लेकिन परीक्षा में महज 54 प्रतिशत परीक्षार्थी ही शामिल हुए। परीक्षार्थियों की कम उपस्थिति के पीछे समय पर केंद्र में प्रवेश नहीं कर पाना और भीषण गर्मी को भी एक वजह माना जा रहा है।

# देर रात चार घंटे तक चली पुलिस की कॉम्बिंग गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अपराधियों पर अंकुश लगाने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करने हेतु खैरागढ़ के विभिन्न इलाकों में पुलिस ने रात में कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान लॉज व ढाबों की भी जांच की गई।

पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आदतन अपराधियों पर अंकुश लगाने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करने हेतु 25 अप्रैल को रात्रि 12 से सुबह 4 बजे तक नगर खैरागढ़ में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। सभी को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की समझाइश दी गई। देर रात्रि में बेवजह घूमते पाए गए व्यक्तियों को थाना लाकर उनके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द किया गया तथा भविष्य में अनावश्यक रूप से देर रात न घूमने की सख्त हिदायत दी गई।



### ढाबा-लॉज की जांच

साथ ही गुंडा, निगरानी बदमाशों, फरार वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों के निवास स्थलों पर दबिश देकर उनकी उपस्थिति की जांच की गई तथा उनके वर्तमान आय-व्यवसाय के संबंध में पूछताछ कर उन्हें अपराध से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। इसके अतिरिक्त लॉज एवं ढाबों की भी चेकिंग की गई।

### वारंटी पर कार्रवाई

अभियान के दौरान फरार स्थायी वारंटी विजय यादव 30 वर्ष निवासी बरेठपारा को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस अभियान के दौरान कुल 9 निगरानी बदमाश, 20 गुंडा बदमाश, 19 स्थायी वारंटी एवं 3 गिरफ्तारी वारंटियों के संबंध में दबिश एवं वैधानिक कार्रवाई की गई।

### संदिग्ध स्थलों में गश्त

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा बरेठपारा, जमातपारा, बख्शी मार्ग, इतवारी बाजार, धरमपुरा, अमलीपारा, दाऊचौरा, बस स्टैंड, शिव मंदिर रोड, राज फैमिली क्षेत्र, गंजीपारा, रश्मिदेवी कॉलोनी, खम्हरिया, इंदिरा आवासपारा, अटल आवास एवं पिपरिया क्षेत्रों में गश्त की गई। गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के बैंक, एटीएम, सराफा दुकान एवं संदिग्ध स्थलों की जांच की गई।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर दीवार तोड़ किचन में जा घुसा, खाना खा रही महिला को रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र के ग्राम मुंडाटोला में शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक अनियंत्रित ट्रैक्टर घर की दीवार तोड़ते हुए किचन में जा घुसा। इस दर्दनाक घटना में वहां खाना खा रही एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुंडाटोला निवासी कमला नेताम दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने घर के आंगन में बने छपरीनुमा किचन में बैठकर खाना खा रही थी। इसी दौरान ग्राम सर्राकापा निवासी उत्तरा पटेल का ट्रैक्टर चालक वाहन को अत्याधिक तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सड़क से सीधे घर की दीवार तोड़कर किचन के भीतर घुस गया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि किचन की दीवार और छप्पर पूरी तरह ढह गए और ट्रैक्टर महिला को रौंदते हुए अंदर जा खड़ा हुआ। इस हादसे में कमला नेताम के सिर, चेहरे और सीने पर गंभीर चोटें आई। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

### काम पर गया था बेटा

घटना के समय मृतिका का बेटा जितेंद्र नेताम गंडई में वेल्डिंग दुकान पर काम करने गया था। हादसे की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा और अपनी मां का क्षत-विक्षत शव देखकर स्तब्ध रह गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना गंडई से सहायक उपनिरीक्षक चेतन नेताम और उनकी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रार्थी जितेंद्र नेताम की शिकायत पर आरोपी ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है। इस घटना के बाद से ही गांव में मातम और आक्रोश का माहौल है।

# दो पहिया वाहन के जरिये अवैध रूप से शराब ले जाते 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे शराब एवं दो बाइक जब्त की गई है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 अप्रैल को पुलिस ने मुखबीर सूचना पर आरोपी खिलेश निर्मलकर को ग्राम मुरमुंदा पेट्रोल पंप के पास बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकड़ा। आरोपी से 34 पाव देशी प्लेन शराब कीमत 2,720 रुपए एवं बाइक जब्त किया गया। बताया गया कि इन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### दो पकड़े गए

इसी तरह मुखबीर सूचना पर आरोपी आशीष कुमार सिन्हा एवं नरसिंह सिन्हा को ग्राम गाजमर्रा एवं राजकट्टा के बीच रोड तालाब के पास बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपियों से 48 पाव देशी प्लेन शराब कीमत 3,840 रुपए एवं बाइक जब्त किया गया। दोनों प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


संजीवनी नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्त्री रोग विभाग

उपलब्ध सुविधाएं...

+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार

OPD : 1 PM to 5.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


## जिनालय के लिए पहुंची भगवान की प्रतिमा, शोभायात्रा में शामिल हुआ समाज

# सैदपुर पठारी से भगवान नेमिनाथ की मूर्ति शहर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गंज लाइन में निर्माणाधीन जैन समाज के भव्य मंदिर में प्रतिमा स्थापना के लिए आज मध्यप्रदेश के सैदपुर पठारी से मूल नायक नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा शहर में पहुंचने पर जैन समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान शहर के गुरुद्वारा चौक से शोभायात्रा निकालकर भगवान की प्रतिमा जैन मंदिर तक लाई गई।

तीन लोक के नाथ मूलनायक नेमिनाथ भगवान की पाषाण की प्रतिमा का आज शहर में आगमन होते ही जैन समाज में काफी उत्साह नजर आया। भगवान की प्रतिमा के स्वागत में यहां भव्य शोभायात्रा विद्यावंश के परम प्रभावक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य नीरज सागर जी महाराज व निर्मद सागर महाराज जी के सानिध्य में निकाली गई। स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा मूलनायक नेमिनाथ भगवान की नवीन प्रतिमा की भव्य अगवानी के लिए जैन समाज के लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए।





**जीवन में ऐसा अवसर आना अद्भुत:** प्रतिमा स्थापना को लेकर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष प्रकाशचंद्र जैन ने कहा कि आज का यह दिन सभी के जीवन का अद्भुत क्षण है, जो हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने कहा कि मूल नायक नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा दर्शन के लिए शहर भ्रमण कराया गया। वहीं समाज के सूर्यकांत जैन ने बताया कि इस मंदिर का शिलान्यास आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा किया गया था। इस नवीन भव्य जिनालय में मूलनायक नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा आज स्थापना हेतु लाई गई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के पठारी से भगवान बिहार कर यहां पधारे हैं, ऐसा सौभाग्य हर किसी के जीवन में नहीं आता है।

### भजनों के साथ धार्मिक आयोजन

गंज लाइन स्थित निर्माणाधीन जैन मंदिर में प्रतिमा स्थापना को लेकर समाज के लोगों में उत्साह नजर आया। इस दौरान मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा भजन- कीर्तन का आयोजन भी किया गया। वहीं रैली में बड़ी संख्या में समाज का ध्वज लेकर महिला शक्ति जयकारा लगाते हुए चल रही थी।

### सजाई रंगोली, रास्तेभर स्वागत

मूलनायक भगवान नेमिनाथ की पाषाण की प्रतिमा शहर पहुंचते ही जैन समाज के लोगों में काफी उत्साह नजर आया। सैकड़ों की संख्या में समाज की महिला, पुरूष व श्रद्धालु प्रतिमा के स्वागत में एकत्रित होकर शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान शहर के गुरुद्वारा चौक पर रंगोली सजाकर भगवान की प्रतिमा का शहर में स्वागत किया गया।


समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल

NABH मान्यता प्राप्त

दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन


डॉ. दीपिका जैन


बी.डी.एस., एम.डी.एस.

(आर्थोडॉन्टिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)

एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)

प्रतिदिन उपलब्ध





उपलब्ध सुविधाएं

- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
- क्लीयर अलाईनर
- दांत निकालना
- अक्ल दाढ़ निकालना
- फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
- बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
- पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी

- डिजिटल एक्स-रे
- एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
- डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
- फेशियल ट्रामा केयर

अपॉईंटमेंट : 07744-356654, 94255-29769

परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक

बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

## सार समाचार

### कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का कलेक्टर जितेंद्र यादव ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों में प्रवेश व्यवस्था, अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग, पहचान सत्यापन एवं कक्षों में बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राध्यक्षों एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को परीक्षा प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं नकल-मुक्त संपन्न कराने निर्देशित किया। साथ ही व्यापम द्वारा जारी निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को परीक्षा की गोपनीयता एवं निष्पक्षता बनाए रखते सभी प्रक्रियाओं का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने अभ्यर्थियों से भी अनुशासन बनाए रखने एवं प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि जिले में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा हेतु कुल 99 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु सुरक्षा व्यवस्था, फ्लाइंग स्क्वॉड, प्रेक्षक दल, फ्रिस्किंग एवं निगरानी की समुचित व्यवस्था की गई थी।

### जेएमजे स्कूल में 10वीं परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**राजनांदगांव।** शहर के जेएमजे नवजीवन स्कूल (सीबीएसई) अंग्रेजी माध्यम में कक्षा दसवीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल के छात्रों ने शहर के प्रथम 10 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया। इस बार कुल 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कनिष्क पंचभावे ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला में प्रथम रहे। वहीं दूसरा चैतन्य देवांगन 91 प्रतिशत, तीसरा मिष्ठी साहू 88 प्रतिशत, चौथा आदर्श गुप्ता 87 प्रतिशत, सोनल साहू, प्रियांशी सोनी एवं मनमीत कौर ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पांचवा स्थान तथा देवाशीष घोष ने 83 प्रतिशत अंक के साथ छठवां स्थान हासिल कर स्कूल को गौरान्वित किया। स्कूल के उत्कृष्ट परिणाम पर खुशी जाहिर करते प्राचार्य वीएम पुष्पलता ने छात्रों को उनके कठोर परिश्रम के लिए बधाई दी।



### अपर कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जिले में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आज छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने परीक्षा केन्द्र टेड़ेसरा, सोमनी, ठाकुरटोला सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा राजनांदगांव जिले में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 99 परीक्षा केन्द्र में किया गया।



### सट्टे के खिलाफ एक पर हुई कार्रवाई

**गंडई पंडरिया।** गंडई क्षेत्र में सट्टेबाजी के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। मुखबीर की सटीक सूचना पर थाना गंडई पुलिस ने सब्जी मार्केट में घेराबंदी कर एक व्यक्ति को रंगे हाथों सट्टा पट्टी लिखते हुए गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सहायक उपनिरीक्षक धुरवाराम नागवंशी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि सब्जी मार्केट गंडई में एक व्यक्ति अवैध रूप से अंकों पर पैसों का दांव लगवाकर सट्टा खिला रहा है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो गवाहों की मौजूदगी में घेराबंदी की और आरोपी फुलचंद वर्मा को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से दो सट्टा पट्टी, एक पेन और नगद 600 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### महापौर आवास को तोड़कर बनाएं पेट्रोल पंप : पिल्ले

**राजनांदगांव।** नगर निगम के बजट 2026-27 में पेट्रोल पंप स्थापना को मिली स्वीकृति के बाद राजनीति गरमा गई है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने निगम प्रशासन द्वारा यातायात नगर पेंड्री में प्रस्तावित स्थल चयन पर सवाल उठाते सुझाव दिया है कि महापौर आवास को तोड़कर टांकाघर के सामने निगम का पेट्रोल पंप बनाया जाए। जिससे निगम को आर्थिक लाभ और शहरवासियों को सुविधा मिल सके। श्री पिल्ले ने निगम प्रशासन के उस फैसले पर आपत्ति जताई है। जिसमें नगर निगम के पेट्रोल पंप के लिए यातायात नगर पेंड्री क्षेत्र का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि निगम के वाहनों को रोजाना ईंधन भराने के लिए शहर से दूर ट्रांसपोर्ट नगर भेजना व्यवहारिक नहीं है और इससे निगम को अनावश्यक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। श्री पिल्ले ने कहा कि नगर निगम के अधिकांश वाहन, जिनमें ट्रक, टैंकर, टिप्पर और अन्य उपयोगी वाहन शामिल हैं, टांकाघर से संचालित होते हैं। ऐसे में प्रतिदिन करीब 50 वाहनों को कई किलोमीटर दूर पेट्रोल-डीजल भराने भेजना समय और धन दोनों की बर्बादी है।



### जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं : शास्त्री

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि देशभर में "प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान" संचालित किया जा रहा है। इस योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, ताकि टीबी जैसी गंभीर बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में भी इस अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष बड़ी राशि खर्च की जाती है। जिला चिकित्सालय द्वारा लगभग 100 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में मरीजों की खोज, जांच, निःशुल्क उपचार, दवा वितरण, पोषण सहायता एवं जन-जागरूकता जैसे कार्य किए जाते हैं। इसके बावजूद अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। ऋषि शास्त्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार "टीबी मुक्त भारत" का नारा तो दे रही है, लेकिन वास्तविकता में मरीजों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही है। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति सरकार की नाकामी को उजागर करती है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष शहरी क्षेत्र में कई लोगों की टीबी से मृत्यु की बात सामने आती है। साथ ही श्रमिक क्षेत्र में टीबी का प्रकोप अधिक है, जो अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया और 2025 तक "टीबी मुक्त भारत" का लक्ष्य भी अधूरा रह गया। जबकि वर्तमान में भी अभियान को आगे बढ़ाकर एक माह पूरा होने को है, लेकिन व्यवस्थाओं में कोई उल्लेखनीय सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।



परत-दर-परत खुलने लगी भ्रष्टाचार की पोल

# नगर पालिका में खेला, सालों से चल रहा बिना काम के भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बिना नाली सीसी रोड बनाए कार्य एजेंसी को भुगतान के मामले में अभी जॉच शुरू ही हुई है कि बोतल से जिन्न के रूप मे 2021 में कंपोस्ट मशीन खरीदी को लेकर अनियमितता का मामला सामने आ गया है। जानकारी अनुसार नगरीय प्रशासन विभाग ने सितंबर 2021 मे प्रदेश के लगभग सभी नगरीय निकायों में 15 वें वित्त से अलग अलग क्षमता वाली कंपोस्ट मशीन खरीदने भारी भरकम राशि दी थी इसी क्रम में नपा परिषद को भी 1000 किग्रा क्षमता वाली मशीन के लिए 36 लाख रूपयों की प्रशासकीय स्वीकृति दी थी, लेकिन विडंबना देखिए कि स्वीकृत राशि से महज 250 रूपए कम में नपा ने मशीन तो खरीद ली लेकिन आज तक मशीन चालू नही हो पाया है और तो और दर्जनों बार मशीन की मरम्मत के लिए भी नपा से राशि निकलते आ रही है।




### पोल खोलने शहर में उतरेगी कांग्रेस

नपा में घमासान को लेकर जानकारी मिली है कि नपा में हो रहे भ्रष्टाचार और घपलों की पोल खोलने के लिए कांग्रेस भी मैदान में उतरकर तगड़ी लड़ाई लड़ने वाली है। इस विषय को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरूण भारद्वाज के घर में विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, पुरूषोत्तम वर्मा, दिलीप लहरे, शत्रुहन धृतलहरे, सुमन दयाराम पटेल और पिपरिया पार्षद प्रतिनिधि राधे वर्मा ने घंटो मैराथन बैठक कर निर्णय लिया है कि वो सोमवार से निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण करेंगे, खरीदे सामानों का भौतिक परीक्षण करेंगे और लापरवाही या अनियमितता मिलने पर उच्च स्तर में शिकायत कर कारवाई की मांग करेंगे।

### निविदा समिति के अध्यक्ष सीएमओ के नहीं है हस्ताक्षर

पता चला है कि खरीदी प्रक्रिया को लेकर नोट शीट मे सबसे पहले और सबसे अंत में सीएमओ का हस्ताक्षर लिया गया है और बीच की सारी प्रक्रिया तत्कालीन उप अभियंता ने पूरी की है। इस बीच निविदा प्रकाशन, क्रय समिति से अनुमोदन, मशीन का भौतिक सत्यापन जैसी सारी प्रक्रिया बिना सीएमओ की जानकारी के हो गया। 27 सितंबर को नोट शीट मे प्रक्रिया चालू हुई, 25 अक्टूबर को प्रशासक ने जेम पोर्टल से मशीन क्रय करने कहा। जैम पोर्टल मे तीन लोगों ने आवेदन किया जिसमें स्वीकृत राशि 36 लाख के विरूद्ध एसआर ट्रेडलाइन ने 35 लाख 99 हजार 750, सारथी इंटरप्राइजेस ने 35 लाख 99 हजार 900 और निर्मला हाउस वेयर ने स्वीकृत राशि से तीन लाख ज्यादा 38 लाख 41 हजार रूपयो को टेंडर डाला, 22 नंवबर को बिड ओपन हुआ उसके बाद निविदा समिति की बैठक का भी नोट शीट मे 22 नवंबर को उल्लेख किया गया है। समिति में सीएमओ अध्यक्ष होते है, लेकिन उप अभियंता, विभाग प्रभारी और लेखापाल ने एसआर ट्रेड लिंक्स राजनांदगॉव को 35 लाख 99 हजार 750 रूपयों के भुगतान की स्वीकृति दे दी। मामले में सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पूरी प्रक्रिया महज पांच महीनों में बिना सीएमओ से हस्ताक्षर कराए पूरी कर ली। नियमानुसार आयकर और टीडीएस राशि काटना था लेकिन भुगतान के एवज में मिलने वाले कमीशन को पाने जल्दबाजी इतनी कि नियमो को दरकिनार करने से अधिकारी कर्मचारी बाज नही आए।

## अरूण बने सर्वश्रेष्ठ क्रीड़ा अधिकारी



**राजनांदगांव।** हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा वर्तमान सत्र में विश्वविद्यालय के अधीन आने वाले महाविद्यालय के पदाधिकारियों के लिए विभिन्न बिंदुओं के आधार पर सर्वश्रेष्ठ क्रीड़ा अधिकारी के लिए पुरस्कार की घोषणा की गई थी। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अरूण चौधरी को सर्वश्रेष्ठ क्रीड़ा अधिकारी का पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार के अंतर्गत 15 हजार रुपए की राशि, गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री चौधरी सिविल सर्विसेज खेल में टेबल टेनिस में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

श्री चौधरी ने इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. शैलेंद्र सिंह, प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, प्रो. मंजरी सिंह, प्रो. विकास कांडे, प्रो. यूनुस रजाबेग, प्रो. केशवराम आडिल, रामू पाटिल, रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा सहित महाविद्यालय के अधिकारी-

## हीरामोती वार्ड में डस्टबिन वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के वार्ड क्र. 39 हीरामोती वार्ड में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डस्टबिन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पार्षद रवि सिन्हा के नेतृत्व में वरिष्ठजनों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

पार्षद रवि सिन्हा ने हरे एवं नीले डस्टबिन के महत्व को विस्तार से समझाते नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि हरे डस्टबिन का उपयोग गीले कचरे तथा नीले डस्टबिन का उपयोग सूखे कचरे के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में शिवनारायण पटेल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करते हैं और इससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है। भुवन पटेल ने कहा कि यदि हर परिवार गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखना शुरू कर दे, तो वार्ड में गंदगी की समस्या स्वतः कम हो जाएगी। संजय चौरसिया ने कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में यह पहल सराहनीय है। अजय श्रीवास्तव, रितेश देवांगन व विकास यादव ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चौक में चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। दूसरा आरोपी फरार है। जिसकी सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 25 अप्रैल को प्रार्थी अनुप यादव उर्फ मुंडु 29 वर्ष बल्देवबाग मोती तालाब ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24-25 अप्रैल की दरम्यानी रात्रि में अपने दोस्त शोएब खान का बर्थ-डे मनाने गांधी चौक गया था। केक काटने के बाद बर्थ-डे सेलिब्रेट कर रहे थे कि इस दौरान राकेश सोनी उर्फ तूफान का किसी बात को लेकर महमूद अली के साथ विवाद होने पर वह छुड़ाया। इसी बात को लेकर राकेश सोनी उर्फ तूफान एवं राकेश श्रीवास द्वारा चाकू निकालकर इसके गले में वार किया, जो अपने बचाव करने के लिए बांये हाथ से रोकने पर अंगूठा एवं उंगली के बीच चोंट लगकर खून बहने लगा। यदि हाथ से नहीं रोकता तो अवश्य ही गले को चाकू से वार कर काट देना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम किया गया।



### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक मिलन सिंह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी हेतु टीम रवाना कर आरोपी राकेश श्रीवास 43 वर्ष साकिन गौशाला मार्केट गांधी चौक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर अपने साथी राकेश सोनी उर्फ तूफान के साथ अपराधकारित करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू जब्त कर 25 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर 26 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। दूसरा आरोपी राकेश सोनी उर्फ तूफान घटना बाद से फरार है।

## कलेक्टर ने किया राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों के स्थानांतरण के आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार राजस्व निरीक्षक शिल्पा पाण्डेय को राजस्व निरीक्षक मंडल घुमका तहसील राजनांदगांव से स्थानांतरित कर कार्यालय कलेक्टर नजूल जांच शाखा में पदस्थ किया गया है। राजस्व निरीक्षक केदारनाथ शांडिल्य को कलेक्टर कार्यालय नजूल जांच शाखा से स्थानांतरित कर राजस्व निरीक्षक मंडल घुमका तहसील राजनांदगांव में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार राजस्व निरीक्षक वीरेन्द्र तिवारी को राजस्व निरीक्षक मंडल मोतीपुर (शहर) के साथ राजस्व निरीक्षक मंडल खैरझिटी तहसील राजनांदगांव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर ने सभी संबंधित राजस्व निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने निर्देशित किया है।

## स्वगणना प्रक्रिया के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला प्रशासन द्वारा 24 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को जनगणना 2027 की स्व-गणना प्रक्रिया से अवगत कराने विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामसभा में ग्रामीणों का स्व-गणना करने की प्रक्रिया से अवगत कराने के साथ ही इसके महत्व, लाभ एवं प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसीलदार डोंगरगांव एवं ग्रामीण प्रभार अधिकारी कमल किशोर द्वारा ग्राम भटगुना में आयोजित ग्रामसभा में शामिल होकर ग्रामीणों को जनगणना-2027 की प्रक्रिया, स्व-गणना के महत्व तथा उसकी सरल डिजिटल कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तहसीलदार कमल किशोर द्वारा जनगणना पोर्टल का लाइव प्रदर्शन करते ग्रामीणों को मोबाइल फोन के माध्यम से स्व-गणना फॉर्म भरने के संबंध में जानकारी दी गई। ग्रामसभा में उपस्थित विभिन्न परिवारों की स्व-गणना मौके पर ही पूर्ण कराई गई। उन्होंने बताया कि डिजिटल जनगणना भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधन वितरण एवं प्रशासनिक निर्णयों का आधार होती है, इसलिए प्रत्येक परिवार का सही और समय पर डेटा दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अनिवार्य रूप से स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेने और अपने गांव के सही आंकड़े उपलब्ध कराने की अपील की।

## पूर्णिमा ने मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर की पूजा-अर्चना

### प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजगामी न्यास संपदा की नवनियुक्त अध्यक्ष के रूप में मनोनीत होने के पश्चात पूर्णिमा साहू का डोंगरगढ़ आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों द्वारा श्रीमती पूर्णिमा साहू का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में तहसील संरक्षक हंसराज साहू, तहसील उपाध्यक्ष आशीष साहू, अशोक साहू, हेमंत साहू, सुजाता साहू, बोधीराम साहू सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में वीरेंद्र सोनी, विजेंद्र ठाकुर, विनीत यादव, विनय बंसल, अचला ठाकुर, मयंक डोंगरे, विरेन साहू, दुर्गेश साहू, गणेश साहू, बोधि साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया। जनसमूह ने पूर्णिमा साहू को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## पोस्टर निर्माण स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव में इको-क्लब, बेस्ट प्रैक्टिस सेल एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग, जल संरक्षण एवं स्वच्छ पृथ्वी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए। छात्रों की रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण के महत्व, प्राकृतिक संसाधनों के सीमित उपयोग तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और इसकी रक्षा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने इको-फ्रेंडली गतिविधियों को बढ़ावा देते कागज से बने फूल एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल सजावटी सामग्री तैयार कर प्रदर्शित की।



### रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने नगर पालिका आम व उप निर्वाचन 2026 के लिए नगर पंचायत घुमका के आम निर्वाचन हेतु तहसीलदार घुमका मुकेश कुमार ठाकुर को रिटर्निंग ऑफिसर तथा नायब तहसीलदार घुमका अब्दुल वसीम सिद्दीकी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत घुमका ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

## आधार अपडेट शिविर को मिला बेहतर प्रतिसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्थानीय प्रेस क्लब भवन राजनांदगांव में दो दिवसीय आधार अपडेट कराने के लिए शिविर का सफल आयोजन किया गया। इसमें अच्छा प्रतिसाद देखने को मिला है। प्रेस क्लब भवन राजनांदगांव में पहली बार इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चले शिविर के दौरान आधार अपडेट की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

25 और 26 अप्रैल को आधार अपडेट कराने शिविर का आयोजन किया गया था। प्रेस क्लब के सम्माननीय सदस्यों के लिए इस शिविर की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई थी। इसमें प्रेस क्लब के सदस्यों ने स्वयं बढ़-चढ़कर उपस्थिति दी। स्वयं तथा स्वयं के परिवारजनों एवं अपने इष्ट मित्रों का भी आधार अपडेट कराकर अपना भरपूर सहयोग दिया। यह शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे के मध्य संपन्न कराया गया। प्रधान डाकघर के संयुक्त तत्वावधान में इस शिविर का आयोजन किया गया था। संभागीय प्रधान डाकघर के अधीक्षक महेंद्र शर्मा और नायाब डाकपाल कमलेश तिवारी, डाकपाल टिकेश्वर सिन्हा एवं उनकी टीम के सहयोग से यह शिविर संपन्न हुआ।

शिविर को संपन्न कराने में अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, सचिव अनिल त्रिपाठी और कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा का विशेष योगदान रहा। दो दिनों तक चले इस शिविर के दौरान 30 से 35 लोगों का आधार अपडेट सफलता के साथ संपन्न कराया गया।



## खबर संक्षेप

### प्रगणकों का त्रि-चरणीय विशेष प्रशिक्षण संपन्न



**पंडरिया।** जनगणना-2027 को त्रुटिरहित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पंडरिया में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का त्रि-चरणीय विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरिया ग्रामीण में आयोजित इस प्रशिक्षण का संचालन अनुविभागीय राजस्व अधिकारी (एसडीएम) संदीप ठाकुर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। चार्ज अधिकारी संजय मोध्या के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में जनगणना कार्य की सूक्ष्म प्रक्रियाओं, स्व-गणना प्रणाली, मोबाइल ऐप के उपयोग, डेटा संकलन की सावधानियों तथा किसी भी व्यक्ति या परिवार को गणना से वंचित न रहने देने संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान लगभग 8 घंटे का गहन व्यावहारिक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें 34 प्रश्नों के माध्यम से नागरिकों से जानकारी एकत्र करने की विधि समझाई गई। फील्ड ट्रेनरों ने गांवों में वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षण देते हुए स्थानीय भाषा और सहज संवाद के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने के तरीके बताए। फील्ड ट्रेनर तुलस राम चंद्राकर, मुन्नालाल चंद्राकर, सौरभ तिवारी एवं ओमप्रकाश देवांगन ने बताया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है, जिसमें प्रत्येक प्रगणक और पर्यवेक्षक की भूमिका अहम होती है। प्रशिक्षण के दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी कुर्रे तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता ने भी उपस्थित होकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जनगणना कार्य को ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने पर जोर देते हुए जनप्रतिनिधियों पंच, सरपंच एवं अन्य नागरिकों से समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता बताई। इस प्रशिक्षण में कुल 196 प्रगणकों एवं 34 सुपरवाइजरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में सुपरवाइजर विजय चंदेल, हमीद खान, तुलेश्वर राजपूत एवं कलेश्वर राजपूत का विशेष योगदान रहा।

### जनगणना दल का सहयोग करें नगरवासी-घुरूवाराम



**पिपरिया।** भारत के महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा कबीरधाम जिले के जिला जनगणना अधिकारी से प्राप्त निर्देशानुसार शहरी जनगणना हेतु नगर पंचायत पिपरिया एवं नगर पंचायत इंदौरी का संयुक्त रूप से तीन दिवसीय जनगणना 2026-27 का प्रशिक्षण दिनांक 23 से 25 अप्रैल तक फील्ड ट्रेनर अजय कुमार, व्याख्याता प्रकाश सिंह भूआर्य, व्याख्याता के मार्गदर्शन में पिपरिया का 11 प्रगणक (रिजर्व सहित) एवं 03 सुपरवाइजर तथा इंदौरी का 17 प्रगणक (रिजर्व सहित) तथा 04 सुपरवाइजर (रिजर्व सहित) कुल 35 शिक्षक-शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण पिपरिया के डां भीमराव अंबेडकर सर्व मांगलिक भवन तिरंगा चौक में तीन दिवसीय संपन्न हुआ। जिसमें सभी प्रगणक-सुपरवाइजरों को जनगणना से संबंधित बारीकियों की जानकारी विस्तार से दिया गया। प्रशिक्षण की तृतीय दिवस को समापन करने के पूर्व फिल्ड ट्रेनर द्वय अजय कुमार व्याख्याता पिपरिया एवं प्रकाश सिंह भुआर्य व्याख्याता इंदौरी के नेतृत्व में एचएलओ का डेमों तैयार कर 10-10 प्रगणकों-सुपरवाइजरों का ग्रुप बनाकर नगर पंचायत पिपरिया के अध्यक्ष घुरूवा राम साहू एवं नगर पंचायत पिपरिया के उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल के निवास पहुंचकर जनगणना में पूछे जाने वाले प्रश्नों से रूबरू कराते हुए संबंधितों से प्रश्न पूछा गया। जिसका जवाब प्रसन्नचित मुद्रा में सहज रूप से दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवा राम साहू के निवास पहुंचे तथा जनगणना के प्रश्नों का उत्तर देने के पश्चात पिपरिया नगर हेतु नियुक्त सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को सुचारू रूप से जनगणना कार्य में सहयोग करने नगरवासियों से अपील एवं नगर में व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा शासन के कार्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। तथा जनगणना दल को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो, इसके लिए योगेश्वर सिंह नेताम मुख्य नगरपालिका अधिकारी-चार्ज अधिकारी (शहरी) नगर पंचायत पिपरिया के साथ-साथ निकाय के पार्षदों से मिलकर सुव्यवस्थित किया जाएगा।

### आदित्य और उमंग वैष्णव का सुयश

**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम सड़क अतरिया में शनिवार को स्थानीय कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा तीन में आदित्य वैष्णव ने 91 प्रतिशत एवं उमंग वैष्णव 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के शिक्षक, माता पिता एवं मित्रों ने बधाई दिया है।

### रेंगाकठेरा में अवैध ईंट भट्टे का संचालन

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में अवैध ईंट-भट्ठा संचालन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ईंट-भट्ठा बिना अनुमति के चल रहा है। भट्ठा संचालक द्वारा पर्यावरण नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे आसपास के खेतों और वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। धुएं और प्रदूषण के कारण लोगों को सांस संबंधी समस्या होने लगी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच कर भट्ठा के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

## जनजागरूकता का अभाव, मनाही के बाद भी पराली जलाना जारी

# फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण व कृषि पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

प्रशासनिक मनाही और जागरूकता अभियानों के बावजूद क्षेत्र में किसान फसल अवशेष जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। हार्वेस्टर से कटाई के बाद धान की पैरा, गेहूं-चना का भूसा तथा गन्ने के अपशिष्ट को खेतों में ही जलाया जा रहा है, जिससे पर्यावरण और कृषि दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

प्रशासन द्वारा पूर्व में किसानों से अपील की गई थी कि फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उपयोग पशुओं के चारे के रूप में करें अथवा गौशालाओं को दान दें। इसके बावजूद वर्तमान में कई स्थानों पर पराली दहन की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ग्रामीणों से मिली अनुसार के अनुसार खेतों में लगाई गई आग कई बार अनियंत्रित होकर दूर तक फैल जाती है, जिससे आसपास के पेड़-पौधे और अन्य फसलें भी इसकी चपेट में आ जाती हैं। इससे आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और किसानों को अतिरिक्त नुकसान उठाना पड़ रहा है। कृषि विभाग ने भी इस पर चिंता व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि फसल अवशेष जलाना भूमि के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता प्रभावित होती है और उसमें मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। विभाग का कहना है कि खेतों में बचे अवशेष प्राकृतिक रूप से सड़कर भूमि की उर्वरता बढ़ाते हैं, जो आगामी फसलों के लिए लाभकारी होता है।



**पराली दहन से बचने अपील**

विभाग ने ग्रामीण किसानों से पुनः अपील की है कि वे पराली दहन से बचें और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर फसल अवशेषों का उपयोग करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषि उत्पादन भी सुरक्षित रह सके।

**उर्वरता पर गंभीर प्रतिकूल**

पराली जलाने से पर्यावरण, स्वास्थ्य और मिट्टी की उर्वरता पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे निकलने वाले धुएं से सांस की गंभीर बीमारियां और हवा जहरीली हो जाती है। यह मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्वों और मित्र कीटों को नष्ट कर भूमि को बंजर बना देता है।

# बोड़ला में फीका पड़ा सुशासन तिहार अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

विकासखंड मुख्यालय बोड़ला में आयोजित सुशासन तिहार-2026 प्रशासनिक दावों के विपरीत जमीनी स्तर पर प्रभावहीन नजर आ रहा है। शासन द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन वास्तविकता इससे उलट दिखाई दे रही है। आयोजन के पहले तीन दिनों में हितग्राहियों की भागीदारी बेहद कम रही, जिससे प्रशासन की तैयारियों और प्रचार-प्रसार पर सवाल खड़े हो गए हैं। 22 और 23 अप्रैल को आवेदन जमा करने की प्रक्रिया पूरी तरह सूनी रही। इन दोनों दिनों में एक भी हितग्राही आवेदन देने नहीं पहुंचा, वहीं 24 अप्रैल को भी स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ और केवल एक गांव के 4-5 लोग ही आवेदन जमा करने पहुंचे। ऐसे में यह स्पष्ट है कि योजना की जानकारी आम जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते मुनादी, पोस्टर, जनसंपर्क अभियान और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते, तो अधिक संख्या में लोग इसका लाभ लेने सामने आते। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना के अभाव में अधिकांश लोगों को इस आयोजन की जानकारी ही नहीं मिल पाई। लोगों का यह भी कहना है कि शासन जहां एक ओर योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिलता। इससे प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली और जिम्मेदारी पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

# गर्मी में प्यासे राहगीर शहर में प्याऊ घर नहीं

## पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भीषण गर्मी के बीच शहर के प्रमुख मार्गों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों और छोटे व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में सार्वजनिक प्याऊ की कमी साफ तौर पर महसूस की जा रही है, जिससे लोगों को प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है।

नगर के मां कर्मा चौक से लोहारा नाका होते हुए गुरू तेगबहादूर चौक तक करीब एक किलोमीटर लंबे मार्ग में एक भी सार्वजनिक प्याऊ नहीं है। इस मार्ग पर रोजाना सैकड़ों सब्जी विक्रेता अपनी दुकानें लगाते हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। सुबह से देर रात तक यहां चहल-पहल बनी रहती है, लेकिन पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि वे घर से पानी लेकर आते हैं, लेकिन दिनभर में वह खत्म हो जाता है। इसके बाद उन्हें दूर से पानी लाना पड़ता है, जिससे समय और श्रम दोनों की हानि होती है। वहीं राहगीरों और ग्राहकों के लिए तो पानी की सुविधा बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें मजबूरी में प्यासा रहना पड़ता है या फिर बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है।

**समाजसेवी संस्थाओ ने नहीं की पहल**

ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले कई लोग आर्थिक कारणों से पानी की बोतल खरीदने से बचते हैं। उनके लिए 10-20 रुपए भी महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में वे बिना पानी के ही अपना काम निपटाकर लौट जाते हैं। इस स्थिति को देखते हुए व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने नगर पालिका परिषद से इस मार्ग पर कम से कम एक स्थान पर प्याऊ घर स्थापित करने की मांग की है। पहल की दरकार- गर्मी के मौसम में कई सामाजिक संस्थाएं आगे आकर मटकी या वाटर कूलर के माध्यम से निःशुल्क शीतल पेयजल की व्यवस्था करती हैं। यदि नगर पालिका और समाजसेवी संगठन मिलकर पहल करें। तो लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रमुख स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था करना जनहित से जुड़ा विषय है। समय रहते इस दिशा में कदम उठाए जाने से न केवल राहगीरों को राहत मिलेगी, बल्कि शहर की व्यवस्था भी बेहतर होगी।

# पंडरिया विधानसभा के नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

- विधायक के प्रयासों से 8.03 करोड़ से अधिक की मिली स्वीकृति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों व सक्रियता से विधानसभा के नगरीय निकाय क्षेत्रों में जनसुविधाओं के विस्तार एवं विभिन्न अधोसंरचना निर्माण सहित स्वच्छता व जल प्रबंधन की परियोजनाओं के लिए बड़ी सौगात मिली है।

नगर पालिका परिषद पंडरिया एवं नगर पंचायत इंदौरी व पांडातराई में राज्य शहरी अभिकरण, अधोसंरचना मद तथा राज्य प्रवर्तित योजना एवं खनिज साधन विभाग के माध्यम से गौण खनिजों से प्राप्त राशि से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 8 करोड़ 3 लाख 67 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। इसके तहत नगर पंचायत पांडातराई में राज्य शहरी अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी-2.0) के अंतर्गत इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित (एसटीपी) निर्माण के लिए 3 करोड़ 6 लाख 88 हजार रूपए तथा नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत इंदौरी और पांडातराई में अधोसंरचना मद तथा राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 36 लाख 79 हजार की स्वीकृति मिली है।

वहीं पंडरिया विधानसभा के 8 ग्राम पंचायतों में नवीन पंचायत भवन निर्माण हेतु कुल 1 करोड़ 60 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं भाजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त कर नगरवासियों को बधाई दी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के पंडरिया प्रवास के दौरान विधायक भावना बोहरा द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए आग्रह किया गया था, जिसके तहत अरुण साव द्वारा नगर पंचायत इंदौरी व पांडातराई में 1-1 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा की गई थी और आज उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई है।

**क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम**

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि राज्य शहरी अभिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी-2.0) के अंतर्गत नगर पंचायत पांडातराई में इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित एसटीपी निर्माण के लिए 3 करोड़ 6 लाख 88 हजार की स्वीकृति क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना नगर की नालियों के गंदे पानी का प्रबंधन सुनिश्चित करते हुए न केवल स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य को भी मजबूती प्रदान करेगी। इसके माध्यम से शहर में गंदगी और जलभराव की समस्या में कमी आएगी, प्राकृतिक जलस्त्रोत एवं अन्य जलस्रोतों को प्रदूषण से राहत मिलेगी और नगर स्वच्छ तथा नगरवासी का बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि आज डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा में विकास के नए आयाम लगातार स्थापित हो रहे हैं। नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत इंदौरी और पांडातराई में अधोसंरचना मद तथा राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 36 लाख 79 हजार की स्वीकृति से नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं अधोसंरचना मद के अंतर्गत इंदौरी में दुकानों का निर्माण, मांगलिक भवन और मुक्तिधाम उन्नयन जैसे कार्य स्थानीय रोजगार, सामाजिक आयोजनों और मूलभूत सुविधाओं को नई मजबूती देंगे।

# शराब दुकान खोलने की मांग

**डोंगरगढ़।** जामरी और आसपास के गांव में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। लंबे समय से गांव में अवैध शराब बिक रहा है, जिससे न सिर्फ माहौल बिगड़ रहा है बल्कि युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। समस्या से निजात पाने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण गत दिनों एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री, आबकारी मंत्री, कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए गांव में शासकीय शराब दुकान खोलने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सरकारी शराब दुकान खोली जाती है, तो अवैध शराब बेचने वालों पर लगाम लगेगी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांग पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# सड़क किनारे डंप मटेरियल से बढ़ा खतरा, कार्रवाई की मांग

- स्वीकृति के बाद भी सीसी रोड निर्माण कार्य अधूरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नवागांव फरीद ग्राम पंचायत बरदुल्ली में स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार 100 मीटर सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन 6 माह बीत जाने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार जहां निर्माण कार्य शुरू किया जाना है, वहां अब तक केवल गिट्टी और रेत डंप कर दी गई है। यह सामग्री जेवडन से पिपरिया जाने वाले प्रधानमंत्री सड़क तथा बांझीमौहा मार्ग के किनारे रखी गई है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। सड़क किनारे फैली सामग्री के कारण दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना हुआ है।



**6 माह से अधूरा पड़ा निर्माण**

सीसी सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति मिलने के बावजूद आधा वर्ष बीत जाने पर भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे योजना कागजों तक सीमित नजर आ रही है। गिट्टी और रेत के ढेर मुख्य मार्ग किनारे पड़े होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने इसे तत्काल हटाने की मांग की है।

**राहगीरों व किसानों को हो रही परेशानी**

सड़क किनारे गिट्टी और रेत के ढेर लगे होने से ग्रामीणों, किसानों और राहगीरों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कृषि कार्य के लिए आवागमन करने वाले किसानों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। वहीं, वाहन चालकों के लिए भी यह स्थिति जोखिमपूर्ण बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए तथा सड़क किनारे डंप मटेरियल को हटाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

पूर्व सरपंच मोहम्मद जैनुल आबदीन ने बताया कि वर्तमान सरपंच एवं सचिव द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है, जबकि सामग्री डंप किए हुए करीब छह महीने हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राशि आहरित किए जाने के बावजूद कार्य में प्रगति नहीं हो रही है, जिससे योजना अधूरी पड़ी है।

## ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, वर्षो से डामरीकरण की मांग अधूरी

# बरबसपुर-डबराभाट मार्ग की हालत बदतर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

प्रदेश में विकास के दावों के बीच ग्राम बीजाझोरी, बरबसपुर और डबराभाट के ग्रामीण अब भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। बरबसपुर से डबराभाट तक जाने वाली मुख्य सड़क वर्षो बाद भी डामरीकरण नहीं हो सका है। ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग किए जाने के बावजूद इस दिशा में ठोस पहल नहीं होने से प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। यह मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा के समान है, जिस पर शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार जैसी मूलभूत गतिविधियां निर्भर हैं। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आवागमन अत्यंत कष्टदायक हो गया है। धूल भरे रास्ते पर चलना न केवल असुविधाजनक है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। बताया जाता है कि बरबसपुर और डबराभाट क्षेत्र शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है। बच्चों को स्कूल पहुंचने, मरीजों को अस्पताल ले जाने तथा किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करना पड़ता है। खराब सड़क के कारण इन सभी कार्यों में विलंब और कठिनाई उत्पन्न हो रही है, जिससे ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

**ग्रामीणों में आक्रोश, समाधान की मांग**

शासन प्रशासन की लगातार उपेक्षा से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने मांग की है कि बरबसपुर-डबराभाट मार्ग का शीघ्र डामरीकरण कराया जाए, ताकि आवागमन सुगम हो सके और क्षेत्र के विकास को गति मिल सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## आरोप: वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल, खुलकर सामने आई लापरवाही

# महीने भर तड़पने के बाद तीरों से घायल दुर्लभ बायसन की अंततः हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के उप वन मंडल क्षेत्र बदौरा में एक दुर्लभ बायसन की दर्दनाक मौत ने वन विभाग की कार्यशैली पर सवालों की बौछार कर दी है। करीब एक महीने तक घायल अवस्था में तड़पते रहे इस वन्य जीव को समय पर समुचित उपचार न मिल पाने से आखिरकार उसने दम तोड़ दिया, जिससे विभागीय दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर उजागर हुआ है।

उप वन मंडल क्षेत्र बदौरा में शिकारियों द्वारा तीन तीरों से घायल किए गए दुर्लभ बायसन की मौत ने वन विभाग की संवेदनशीलता और कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, गंभीर रूप से घायल बायसन करीब एक महीने तक क्षेत्र में भटकता रहा और बाद में वन विभाग के संरक्षण में भी रहा, लेकिन इस दौरान उसे अपेक्षित और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा सकी।

बताया जा रहा है कि बायसन को कई बार अत्यंत कमजोर और दर्द से कराहते हुए देखा गया, बावजूद इसके न तो तत्काल उपचार की प्रभावी व्यवस्था की गई और न ही उसे किसी उच्च स्तरीय पशु चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाने की ठोस पहल की गई। अंततः शनिवार रात लगभग 9:30 बजे उसकी मौत हो गई।

### वन विभाग करता रहा झूठे दावे और बयानबाजी



इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वन विभाग लगातार प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से बायसन के स्वास्थ्य में सुधार होने का दावा करता रहा। विभाग द्वारा निगरानी और उपचार जारी होने की बातें कही जाती रहीं, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत नजर आई। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या विभाग द्वारा जनता को गुमराह किया जा रहा था या फिर कागजों में ही इलाज चल रहा था।

### पर्यावरण व वन्यप्राणी प्रेमियों द्वारा उठाए जा रहे सवाल

इस पूरे मामले को लेकर पर्यावरण तथा वन्यप्राणी प्रेमियों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं कि घायल बायसन को समय पर समुचित उपचार क्यों नहीं मिला? क्या विभाग द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन भ्रामक थे? इस पूरी घटना के लिए जिम्मेदार कौन है? पर्यावरण तथा वन्यप्राणी प्रेमियों द्वारा इस मामले की निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई तथा वन्य जीवों के लिए स्थायी और सुदृढ़ चिकित्सा व्यवस्था की मांग की है। अब यह देखना होगा कि इस गंभीर घटना में वास्तव में जवाबदेही तय होती है या फिर मामला भी फाइलों में दबकर रह जाता है।

### घायल बायसन को नहीं मिल पाया समुचित उपचार

सूत्रों के अनुसार, घायल बायसन को समय रहते उचित चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाई, जिससे उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई। इस घटना ने यह भी उजागर कर दिया है कि जिले में वन्य जीवों के लिए आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था कितनी कमजोर है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या वन विभाग के पास त्वरित रेस्क्यू टीम और विशेषज्ञों की उपलब्धता नहीं है, या फिर जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेना आवश्यक नहीं समझा। बताया जा रहा है कि इस मामले में शिकार से जुड़े दो आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं, जबकि चार अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई विचाराधीन है। हालांकि, स्थानीय लोगों का मानना है कि केवल आरोपियों की गिरफ्तारी ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विभागीय लापरवाही की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय नागरिकों और वन्यजीव प्रेमियों ने वन विभाग पर लापरवाही और संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा है कि विभाग अब केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह गया है। जंगलों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने के बजाय अधिकारी केवल बैठकों, बयानबाजी और औपचारिकताओं में व्यस्त नजर आते हैं।

# समय पर पहुंचा अभ्यर्थी फिर भी छूटी परीक्षा

- पीड़िता अभ्यर्थी का भविष्य दांव पर, दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा आयोजित मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में एक अभ्यर्थी के साथ कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। व्यापम द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा में एक अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिल पाने से उसका एक साल का परिश्रम प्रभावित हो गया है, जिससे परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। अभ्यर्थी सनत कुमार को सरस्वती शिशु मंदिर राजनांदगांव रोड कवर्धा परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था। अभ्यर्थी का आरोप है कि वह सुबह 9.27 बजे केंद्र पर पहुंच गया था। नियमानुसार अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए कुछ मिनटों की अतिरिक्त छूट भी दी जाती है, लेकिन इसके बावजूद उसे अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली। सनत कुमार ने बताया कि वह करीब 40 किलोमीटर दूर से परीक्षा देने पहुंचे थे। रास्ते में उन्होंने अपनी बहन को दूसरे परीक्षा केंद्र पर छोड़ा और उसके बाद अपने केंद्र पहुंचे। उनके अनुसार केंद्र के चपरासी ने पहले उन्हें वाहन एक किनारे लगाने के लिए कहा। जब वे गाड़ी खड़ी कर वापस गेट पर पहुंचे, तब तक प्रवेश द्वार बंद कर दिया गया था। अभ्यर्थी का आरोप है कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने भी उन्हें अंदर जाने से रोक दिया, जिसके कारण वे परीक्षा हॉल तक नहीं पहुंच सके। इस पूरी घटना से आहत होकर उन्होंने कहा मेरे एक साल की मेहनत बर्बाद हो गई इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

### मामला लोगों के बीच बना चर्चा का विषय

अभ्यर्थी ने अपील की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए। उन्होंने मांग की है कि इस तरह की लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। यह घटना परीक्षा केंद्रों पर समय प्रबंधन और व्यवस्थाओं की गंभीर खामियों को उजागर करती है। अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि समय पर पहुंचने के बावजूद प्रवेश नहीं दिया जाएगा, तो यह उनके भविष्य के साथ अन्याय है। अब प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। ताकि भविष्य में किसी भी अभ्यर्थी के साथ ऐसी घटना दोबारा न हो।

## खबर संक्षेप

### देवर्षि नारद मुनि जयंती पर कार्यक्रम 2 मई को



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन जिला इकाई कबीरधाम द्वारा आगामी 2 मई को देवर्षि नारद मुनि जयंती का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्ग संभाग सहित प्रदेशभर से पत्रकार साथियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। आयोजन को ऐतिहासिक और प्रेरणादायी स्वरूप देने की दिशा में व्यापक तैयारियां जारी हैं।

### शिव सेना सीएम के नाम आज सौंपेगा ज्ञापन

**कवर्धा।** शिवसेना द्वारा गौ-रक्षा के समर्थन में चलाया जा रहा महा हस्ताक्षर अभियान जिले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शिवसेना जिला अध्यक्ष प्रकाश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गौ-माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ तस्करी में उपयोग की जाने वाली वाहनों को राजसात करने तथा गौ हत्या करने पर हत्या का मामला दर्ज करने जैसी मांगों को लेकर यह अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गाँव-गाँव स्थित गौठानों को गौशाला का स्वरूप देने, घुमंतू गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कलेक्टर दर पर दो गौ-सेवकों की नियुक्ति की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई जा रही है। इस अभियान में शिवसेना के पदाधिकारियों सहित अनेक शिवसैनिक सक्रिय रूप से घर-घर जाकर जनसमर्थन के रूप में हस्ताक्षर कराने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में शिव सेना द्वारा 27 अप्रैल को मुख्य मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### ग्राम बिरकोना में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**कवर्धा।** जिले के ग्राम बिरकोना में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने पंचायतों की भूमिका, पारदर्शिता और जनभागीदारी को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताया। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम बिरकोना में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम सभा की औपचारिक कार्यवाही के साथ हुई, जिसमें विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं और ग्राम स्तर की आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव खुले रूप से रखे। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बताया गया कि पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है, जो शासन को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करती है।

# वनांचल में थमी विकास की रफ्तार, महीनों से नहीं मिली मनरेगा और आवास की मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत वनांचल के ग्रामों में सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है।

विकासखंड की ग्राम पंचायत नरसिंहपुर, कोदवा गोडान, सरईसेत और मलकछरा सहित अंचल की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में पिछले चार महीनों से मनरेगा की मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है।

अपनी ही मजदूरी के लिए मजदूरों को अपने ही बैंक खातों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं,और उन्हें हर बार निराश होना पड़ रहा है जिससे ग्रामीण इलाकों में सरकार के प्रति गहरा असंतोष पनप रहा है। स्थानीय मजदूरों से मिली जानकारी के अनुसार, वनांचल में मनरेगा के तहत कराए गए स्टापडेम निर्माण, तालाब व नाला सफाई और गहरीकरण जैसे कार्यों की राशि महीनों से अप्राप्त है।

मजदूरी न मिलने का सिलसिला यहीं नहीं थमा है बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। आवास निर्माण में लगे मजदूरों की राशि लंबित होने के साथ-साथ निर्माण सामग्रियों के भुगतान की स्थिति भी दयनीय बनी हुई है। जब मजदूरों की मजदूरी का ही भुगतान नहीं हो रहा है, तो सामग्री के लाखों रुपयों के बिल कब तक पास होंगे, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। भुगतान के अभाव में पंचायतों में निर्माण एवं विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं।



### मजदूरी नहीं मिलने से गहरा आर्थिक संकट

ग्रामीणों का कहना है कि मजदूरी न मिलने से उनके सामने घर चलाने का संकट खड़ा हो गया है, वहीं अधूरे पड़े पीएम आवासों के कारण सैकड़ों हितग्राही परेशान हैं। वनांचल की पंचायतों में इस अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में सरकार के प्रति तीखी नाराजगी देखी जा रही है, जो आने वाले समय में प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है।

# सुबह 7 से 11 बजे तक संचालित होंगी आंगनबाड़ी, बच्चों की उपस्थिति 9 बजे तक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पूरे प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं।

विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 30 जून 2026 तक आंगनबाड़ी केंद्र अब प्रातः 7:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित होंगे, लेकिन बच्चों की उपस्थिति प्रातः 7:00 बजे से केवल 9:00 बजे तक ही होगी। एकीकृत बाल विकास सेवा योजना से संबंधित आदेशों में कहा गया है कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है।

तेज गर्मी के जोखिम को देखते हुए बच्चों की उपस्थिति का समय केवल प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक निश्चित किया गया है। इस अवधि में बच्चों को स्कूल-पूर्व शिक्षा, पूरक पोषण तथा अन्य गतिविधियाँ नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिनके माध्यम से पोषण, टीकाकरण एवं परामर्श जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की जाती हैं वे केंद्र बंद होने के बाद शेष कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा करेंगी। अत्यधिक तापमान, गर्म हवाओं या हीटवेव की स्थिति में बच्चों को सुरक्षित रूप से घर पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त यह भी निर्धारित किया गया है कि ग्रीष्मकालीन अवधि समाप्त होने के उपरांत 1 जुलाई 2026 से आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन पुनः पूर्व निर्धारित समय प्रातः 9:30 बजे से 3:30 बजे तक किया जाएगा।



### बेटियों को मिली आर्थिक सहायता



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आर्थिक सहायता प्रदान कर एक प्रेरणादायक पहल की है। उन्होंने जरूरतमंद छात्राओं की पढ़ाई में सहयोग करते हुए ग्राम हरमो निवासी भारती साहू को 2 लाख रुपए तथा ग्राम चिल्फी निवासी रंजना झारिया को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर उक्त राशि के चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर नरेन्द्र मानिकपुरी, अमर कुर्रे, ओमकार साहू, लोकचंद साहू, मिलू साहू उपस्थित रहे। इस दौरान रंजना झारिया ने बताया कि उनके पिता के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी, जिसके कारण उनकी पढ़ाई बीच में ही छूट गई थी। उन्होंने कहा कि जब उन्हें जानकारी मिली कि उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा जरूरतमंदों की मदद करते हैं, तब उन्होंने उनसे संपर्क कर अपनी समस्या बताई। उनकी स्थिति को समझते हुए श्री शर्मा ने 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। रंजना ने बताया कि इस सहायता से वह अब दोबारा नर्सिंग की पढ़ाई शुरू कर सकेंगी और अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। उन्होंने इसके लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मदद उनके जीवन में नई उम्मीद लेकर आई है।

# नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार जिला अस्पताल कवर्धा में प्रतिमाह आयोजित किए जा रहे निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर की कड़ी में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें नया रायपुर स्थित बालको मेडिकल सेंटर के विशेषज्ञ डॉ. पुष्पेंद्र जाटव एवं चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में जिले के अलग अलग विकासखंडों से पहुंचे मरीजों ने अपनी जांच करवाई।

दौरान कुल 25 मरीजों की जांच की गई, जिनमें 13 पुरुष एवं 12 महिलाएं शामिल थीं। जिसमें मेमोग्राफी मशीन के माध्यम से स्तन जांच, मुख कैंसर की जांच तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच जैसी सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराई गईं। जांच के दौरान 5 मरीज संभावित रूप से पॉजिटिव पाए गए। जिन्हें आगे की उपचार प्रक्रिया से जोड़ा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तूरे ने बताया कि शिविर में संभावित कैंसर मरीजों की पहचान कर उन्हें उचित उपचार एवं नियमित फॉलोअप से जोड़ा गया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आमजन को कैंसर के लक्षणों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि स्तन में गांठ, मुंह में अल्सर, लगातार खांसी, अत्यधिक थकान, वजन में कमी, खून की कमी, गले में गांठ, निगलने में कठिनाई एवं असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। शिविर का मुख्य उद्देश्य जनसमुदाय में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए समय पर जांच के माध्यम से रोग की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा।




### भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात



**कवर्धा।** कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 133वें मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीवों की सुरक्षा और जनभागीदारी पर आधारित संदेश को प्रमुखता से सुना और सराहा गया। कवर्धा विधानसभा अंतर्गत शहर निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें एपिसोड का प्रसारण संयुक्त रूप से बूथ क्रमांक 266 एवं 267 के प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना और उस पर चर्चा भी की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा पर्यावरण संवर्धन, जल संरक्षण, वन्यजीवों की सुरक्षा और आम नागरिकों की भागीदारी को लेकर दिए गए संदेशों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मन की बात केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम बन चुका है। उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का समापन आपसी चर्चा और विचार-विमर्श के साथ हुआ, जिसमें समाजहित से जुड़े मुद्दों पर आगे भी सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही गई। या और कार्तिक सोनी की भी सक्रिय सहभागिता रही।

## बगैर जांच पड़ताल के धड़ल्ले से शहरों में बिक रहा खुला दूध, कार्रवाई शून्य

# भीषण गर्मी में दूध की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भीषण गर्मी के इस दौर में, जब आमतौर पर दूध का उत्पादन घट जाता है, कबीरधाम जिले में दूध की उपलब्धता में कोई कमी नजर नहीं आ रही है। शादी-ब्याह और अन्य आयोजनों में भी खुलेआम बड़ी मात्रा में दूध की सप्लाई हो रही है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर इतनी विपरीत परिस्थितियों में भी दूध की यह निरंतर आपूर्ति कैसे बनी हुई है और इसकी गुणवत्ता कितनी भरोसेमंद है। जिले के शहरी क्षेत्रों कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया, लोहारा, पिपरिया और पाण्डातराई में खुले दूध की मांग लगातार बढ़ रही है। इस मांग को पूरा करने के लिए दूध कारोबार से जुड़े लोगों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। पहले जहां ग्रामीण सीधे उपभोक्ताओं को दूध बेचते थे, अब अधिकांश विक्रेता डेयरियों और होटलों को थोक में सप्लाई कर रहे हैं, जिससे मिलावट की आशंका गहराती जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिले में संचालित कई डेयरियों के पास स्वयं दुधारू पशु नहीं हैं। ये संचालक गांवों से दूध खरीदकर उसे अधिक मात्रा में बाजार में बेचते हैं। जानकारी के अनुसार, खरीदे गए दूध की तुलना में दोगुना दूध बेचा जा रहा है, जिसके लिए विभिन्न प्रकार के मिलावटी तरीकों का सहारा लिया जाता है।

### मिलावटी दूध की आशंका, विभागीय जांच व एंक्शन जरूरी



सूत्रों के मुताबिक दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए उसमें पाउडर, खसखस का बुरादा और अन्य पदार्थ मिलाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ विक्रेता ऊंट और भेड़ के गाढ़े दूध को गाय-भैंस के दूध में मिलाकर और उसमें पानी मिलाकर बाजार में खपा रहे हैं। इस तरह के हथकंडों से जहां मुनाफा कई गुना बढ़ रहा है, वहीं उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे मामले में प्रशासन और खाद्य विभाग की सक्रियता नजर नहीं आती। लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर अब तक कोई ठोस जांच या कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे मिलावटी दूध का कारोबार बेखौफ फल-फूल रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411